# लोगों की सेवा में राजनीति न करें

## पालक मंत्री गिरीश बापट ने नेताओं से की अपील

संवाददाता

**पुणे.** समाज सेवा में राजनीति आड़े नहीं आनी चाहिए. बिना नफा-नुकसान की चिंता किए राजनेताओं को समाज सेवा करनी चाहिए. कैसे अधिक से अधिक लोगों तक सेवा व सुविधाओं को पहुंचाया जा सके, इसकी चिंता हर राजनेता को करनी चाहिए. जब पार्टी लाइन से उठकर वे मिलकर समाज के काम करेंगे तभी लोगों का भला हो सकेगा. इसलिए राजनीति करने में समय गंवाने की अपेक्षा लोगों की सेवा में राजनेताओं को तत्परता दिखानी चाहिए. उक्त विचार जिले के पालक मंत्री गिरीश बापट ने की. मौका था मनपा के दो अस्पतालों, येरवडा के राजीव गांधी अस्पताल व भवानी पेठ के चंदूमामा सोनावणे प्रसूति अस्पताल में नवजात बच्चों के इलाज के लिए शुरू किए गए एनआइसीयू सेंटर का. जिसे मुकुल माधव फाऊंडेशन के सहयोग से पीपीपी मॉडेल पर बनाया गया है.

### मुकुल माधव फाऊंडेशन की मदद से 2 मनपा अस्पतालों में एनआईसीयू सेवा शुरू



इन दोनों अस्पतालों में इस सेवा का उद्घाटन बापट के हाथों किया गया. तब बापट ने कहा कि आने वाले समय में भी मुकुल माधव फाऊंडेशन व मनपा मिलकर इस काम को करते रहेंगे. जहां जरूत होगी वहां पर इस तरह की सेवा शुरू की जाएगी. उन्होंने कहा कि आज इलाज काफी महंगा हो गया है. जो आम लोगों के बस से बाहर हो गया है. इसलिए सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक चिकित्सकिय सेवा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी हो गया है.

ताकि अगर मरीज के पास पैसा न भी हो तो उनका बेहतर इलाज इन अस्पतालों में हो सके. उन्होंने कहा कि डॉक्टर के मीठे बोल से ही मरीज आधा ठीक हो जाता है. इसलिए डॉक्टरों व स्टॉफ को मरीज से बेहतर व्यवहार करना चाहिए.

बाकी काम मीठी दवाइयां कर देंगी. बापट ने कहा कि, सही और समय पर उपचार ना मिलने की वजह से नवजात शिशुओं की मौत हो जाती है. पैसे न होने की वजह से आम गर्भवती स्त्री तथा नवजात बच्चों पर उपचार से वंचित हो जाती हैं. पर अब ऐसे लोगों को यहां पर उचित उपचार मिलेगा.

बापट ने कहा कि समाज हित के कामों में धनी लोगों को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए. दो अतिदक्षता विभाग शुरु कर मुकुल माधव फाऊंडेशन ने समाज के सामने आदर्श रखा है. अन्य धनी लोगों को भी इससे प्रेरणा लेकर समाज हित के लिए अपना योगदान देना चाहिएं. उक्त अपील बापट ने इस समय की. महापौर मुक्ता तिलक ने कहा कि, मुकुल माधव फाऊंडेशन द्वारा शुरु किये गए इस नवजात अतिदक्षता विभाग की वजह से किफायती दाम में उपचार मिलेगा.

फिनोलेक्स इंडस्ट्री के एक्जीक्युटिव चेयरमैन प्रकाश छाबरिया ने कहा कि हमारे मां-बाप ने हमे शिक्षा दी कि प्यार व पैसा दूसरों के लिए खर्च किया गया तो, वह बढ़ जाता है. इस नवजात शिशु अतिदक्षता विभाग को स्व. प्रह्लाद छाबरिया व मोहिनी छाबरिया की स्मृति में बनाया गया है. उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर तथा सभी के सहयोग से रितू समाज के लिए अच्छा काम कर रही हैं. मुकुल माधव फाऊंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी रितू छाबरिया ने कहा कि हमने मनपा अस्पतालों को इसलिए चुना क्योंकि इसका लाभ गरीब तबके की महिलाओं व उनके बच्चों को मिल सकेगा.